# सुकमा ज़िले में ‘रोको अउ टोको अभियान’का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

14 जनवरी, 2022 को सुकमा ज़िले में ज़िला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ विद पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वी द पीपल के वालेंटियर को टी-शर्ट वितरण कर ‘रोको अउ टोको अभियान’का शुभारंभ किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- ज़िला कलेक्टर विनीत नन्दनवार के मार्गदर्शन एवं ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देव नारायण कश्यप की अध्यक्षता तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुकमा सी. बी. प्रसाद बंसोड़ की उपस्थिति में वालेंटियर को रोको टोको का टी-शर्ट ज़िला पंचायत कार्यालय में वितरित किया गया।
- कोविड-19 के तीसरी लहर के बढ़ते प्रकोप एवं संक्रमण की तेज़ गति को देखते हुए वी द पीपल के वालेंटियर के सहयोग से ज़िले की भीड़-भाड़ वाली जगहों में राहगीरों को मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने, जागरूकता लाने हेतु रोको और टोको अभियान का शुभारंभ किया गया है।
- इस कार्यक्रम के तहत वालेंटियर्स के द्वारा मेघा फोन के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने, समाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/roko-au-toko-campaign-launched-in-sukma-district